तापमान
अधिकतम 34.2°C
न्यूनतम 24.0°C

हरिभूमि
रोहतक भूमि
रोहतक, सोमवार 5 अक्टूबर 2026

शहर में आज

- लघु सचिवालय में समाधान शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे
- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे
- मदन लाल धींगड़ा कम्यूनिटी सेंटर में भागवत कथा का आयोजन शाम 4 बजे

पुरुषों को भी होता है ब्रेस्ट कैंसर, मामूली गांठ को नजरअंदाज करना भी पड़ सकता है भारी

- 64 वर्षीय व्यक्ति में मिली 20 सेंटीमीटर की गांठ
- विशेषज्ञ बोले- हमारे यहां जागरूकता की कमी
- विदेशों में स्वस्थ्य व्यक्ति करवा रहे स्क्रीनिंग
- समय पर जांच व जागरूकता से ही बचाव संभव

- लोकनायक अस्पताल, मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज, नई दिल्ली की प्रोफेसर एवं एमडी पैथोलॉजी डॉ. रीना तोमर से विशेष बातचीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

आमतौर पर जब भी ब्रेस्ट कैंसर की बात होती है, लोगों के जेहन में सबसे पहले महिलाओं का नाम आता है। लेकिन यह बीमारी केवल महिलाओं तक सीमित नहीं है। पुरुषों में भी कैंसर के मामले सामने आते हैं। हालांकि इनकी संख्या कम है, लेकिन जागरूकता की कमी के कारण कई बार पुरुष शरीर में होने वाले बदलावों को लंबे समय तक नजरअंदाज कर देते हैं और बीमारी गंभीर अवस्था में पहुंच जाती है। लोकनायक अस्पताल मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज नई दिल्ली की प्रोफेसर एवं एमडी पैथोलॉजी डॉ. रीना तोमर ने विशेष बातचीत में बताया कि मेल ब्रेस्ट कैंसर के मामले कुल मामलों का लगभग एक से दो प्रतिशत हो सकते हैं। उनका कहना है कि पुरुषों को भी छाती में होने वाली किसी असामान्य गांठ या बदलाव को गंभीरता से लेना चाहिए।

उन्होंने बताया कि हाल ही में 64 वर्ष के एक व्यक्ति में करीब 20 सेंटीमीटर की गांठ सामने आई। इतनी बड़ी गांठ इस बात की ओर इशारा करती है कि बीमारी के शुरुआती संकेतों को लंबे समय तक नजरअंदाज किया गया। यदि छाती में छोटी-सी गांठ महसूस हो तो उसे यह सोचकर छोड़ देना ठीक नहीं कि पुरुषों में ब्रेस्ट कैंसर नहीं होता। उन्होंने बताया कि मेल ब्रेस्ट कैंसर होने के बाद उपचार एक जैसा ही रहता है।

कपड़े पहनते समय भी महसूस हो सकती है गांठ

डॉ. तोमर के अनुसार पुरुषों को समय-समय पर अपने शरीर में होने वाले बदलावों पर ध्यान देना चाहिए। छाती में गांठ, असामान्य सूजन या अन्य बदलाव महसूस होने पर चिकित्सकीय जांच करानी चाहिए। कई बार कपड़े पहनते या बदलते समय भी छाती में किसी गांठ का एहसास हो सकता है।

परिवार में कैंसर का इतिहास तो रहें सतर्क

ब्रेस्ट कैंसर के कुछ मामलों में आनुवंशिक कारण भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। खास तौर पर बीआरसीए वन और बीआरसीए टू जैसे जींस में बदलाव परिवार में कैंसर के जोखिम को बढ़ा सकते हैं। ऐसे परिवारों में चिकित्सकीय सलाह के अनुसार जेनेटिक काउंसलिंग और उपयुक्त जेनेटिक टेस्ट पर विचार किया जा सकता है।




डॉ. रीना तोमर, दिल्ली।

तनाव कम करें और जीवनशैली को सुधारें

कैंसर से बचाव के लिए विशेषज्ञ स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, तंबाकू और धूम्रपान से दूर रहने, संतुलित आहार लेने और शारीरिक रूप से सक्रिय रहने पर जोर देती हैं। तनाव को नियंत्रित करना और सामाजिक रूप से सक्रिय रहना भी समग्र स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है।

मुंह और फेफड़ों का कैंसर भी पुरुषों में चिंता का विषय

डॉ. तोमर ने बताया कि पुरुषों में मुंह और फेफड़ों के कैंसर के मामले भी बड़ी चिंता का विषय हैं। धूम्रपान और तंबाकू का सेवन इनके प्रमुख जोखिम कारकों में शामिल हैं। मुंह में होने वाला कोई छाला या घाव यदि लंबे समय तक ठीक न हो, तो उसे सामान्य समझकर छोड़ना नहीं चाहिए। खासकर यदि यह एक-दो सप्ताह में ठीक न हो, तो चिकित्सकीय जांच कराना जरूरी है। विशेषज्ञ के मुताबिक अमेरिका सहित दुनिया के कई हिस्सों में लोग कैंसर की शुरुआती पहचान के लिए नियमित स्क्रीनिंग को लेकर अधिक जागरूक हैं, जबकि भारत में अभी भी जागरूकता बढ़ाने की जरूरत है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह चुनौती और बड़ी हो सकती है।

ये हैं बीमारी के मुख्य लक्षण

गांठ: निप्पल के नीचे या उसके पास एक दर्द रहित गांठ या सख्त सूजन होना।
निप्पल से डिस्चार्ज: निप्पल से साफ या खून मिला हुआ तरल पदार्थ निकलना।
त्वचा में बदलाव: निप्पल का अंदर की ओर मुड़ना , निप्पल के आसपास की त्वचा का लाल होना, पपड़ी जमना या त्वचा में गड्ढे पड़ना।
बगल में सूजन: बगल में गांठ या सूजी हुई लिम्फ नोड्स का होना।

प्रमुख जोखिम कारक

हार्मोनल असंतुलन: शरीर में एण्ड्रोजन की तुलना में एस्ट्रोजन का स्तर बढ़ जाना।
बढ़ती उम्र: 60 और 70 वर्ष की आयु के पुरुषों में इसका बीमारी का खतरा सबसे अधिक होता है।
आनुवंशिकी: परिवार में स्तन कैंसर का इतिहास होना या बीआरसीए 1 या बीआरसीए 2 जीन में म्यूटेशन होना।
जीवनशैली और चिकित्सा इतिहास: मोटापा, अत्यधिक शराब का सेवन, या पहले कभी छाती की रेडिएशन थेरेपी हुई हो। सर्जरी भी हार्मोन के स्तर को प्रभावित कर सकती हैं।

जानिए... क्या है निदान व उपचार

डॉक्टर बीमारी का पता लगाने के लिए अल्ट्रासाउंड, मैमोग्राम और बायोप्सी का उपयोग करते हैं। पुरुषों के ऊतक कम होने के कारण, उपचार में अक्सर सर्जरी की जाती है। इसके अलावा जरूरत के अनुसार रेडिएशन थेरेपी, कीमोथेरेपी या हार्मोन-ब्लॉकिंग थेरेपी दी जाती है।

खबर संक्षेप

मर्सी चांस परीक्षा से पहले सॉल्व्ड पेपर बेचने का लगाया आरोप

रोहतक। एमडीयू के परीक्षा तंत्र पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। नेशनल स्टूडेंट्स ऑर्गनाइजेशन ने आरोप लगाया है कि व्हाट्सएप ग्रुप्स के जरिए मर्सी चांस की परीक्षाओं के सॉल्व्ड पेपर 20 से 25 हजार रुपये में बेचे जा रहे हैं। एनएसओ प्रदेशाध्यक्ष सुधीर कुमार सहारन और एमडीयू अध्यक्ष विशाल खरब ने बयान जारी कर दावा किया कि इसके पुख्ता प्रमाण और ऑडियो-चैट उनके पास मौजूद हैं, जिसमें पैसों के लेनदेन और परीक्षा के दौरान उत्तर उपलब्ध कराने की बात कही गई है। इस गंभीर लापरवाही के विरोध में एनएसओ ने परीक्षा नियंत्रक कार्यालय पर ताला जड़कर बड़ा प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। एमडीयू के परीक्षा नियंत्रक प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि यह मामला उनके संज्ञान में आ चुका है और इसमें जो भी व्यक्ति संलिप्त पाया जाएगा, उसके विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। अभी तक इस मामले में किसी भी पक्ष की ओर से कोई लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

खेतों में पशु चारा लेने गई लड़की लापता

सांपला। कस्बे से खेतों में पशुओं के लिए चारा लेने गई एक लड़की के वापस घर नहीं लौटने का मामला सामने आया है। लड़की की मां की शिकायत पर सांपला थाना पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। लड़की की मां ने पुलिस को बताया कि उसकी बेटी सुबह करीब 8:30 बजे घर से खेतों में पशुओं के लिए चारा लेने गई थी। काफी समय बीतने के बाद भी वह वापस घर नहीं लौटी। परिजनों ने आसपास के खेतों और संभावित स्थानों पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर लड़की की तलाश शुरू कर दी है।

रिश्तों का कत्ल: कबीर कॉलोनी में वारदात, चाचा ने साथियों के साथ घेरकर दिया वारदात को अंजाम

1700 रुपये की उधारी के लिए दुकान पर बुलाकर चाकू से चीर दिया भतीजे का पेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

दो साल पुरानी मात्र 1700 रुपये की उधारी के लिए चाचा ने भतीजे को चाकू से गोदकर मार डाला। रविवार को किराना दुकान से सामान लेने और पुराने पैसों के विवाद को लेकर चाचा-भतीजे के बीच शुरू हुई कहासुनी देखते ही देखते खूनी संघर्ष में बदल गई। आरोप है कि चाचा ने अपने चार साथियों के साथ मिलकर 27 वर्षीय भतीजे पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए। पेट में कई वार लगने से युवक गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। परिजन उसे आनन-फानन में पीजीआईएमएस के ट्रॉमा सेंटर लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस ट्रॉमा सेंटर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान कबीर कॉलोनी निवासी कालू (27) के रूप में हुई है। परिजनों का आरोप है कि कालू को उसके चाचा अजीज (47) ने रविवार को अपनी परचून की दुकान पर बुलाया था। कालू दुकान पर पहुंचा तो किसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर अजीज ने अपने चार साथियों के साथ मिलकर कालू को घेर लिया और उस पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू के कई वार पेट में लगने के बाद कालू लहूलुहान होकर गिर पड़ा।







दो साल से उधारी के पैसों को लेकर चल रहा था विवाद

परिजनों के मुताबिक, कालू ने करीब दो साल पहले अपने चाचा अजीज की किराना दुकान से कई बार सामान उधार लिया था। चाचा लगातार उधार के पैसे लौटाने की मांग कर रहा था। इसी रकम को लेकर दोनों के बीच पहले भी कई बार विवाद हो चुका था। परिवार का कहना है कि कालू फिलहाल कोई काम नहीं करता था और नौकरी की तलाश कर रहा था। ऐसे में उधारी की रकम को लेकर दोनों परिवारों के बीच तनाव बना हुआ था। हालांकि शुरूआती जांच में सामने आया है कि रकम करीब 1700 रुपये थी। पूरे तथ्य जांच के बाद ही सामने आ सकते हैं।

शनिवार रात भी हुआ था झगड़ा, पथराव का आरोप

परिजनों ने बताया कि दोनों परिवारों के बीच विवाद रविवार से पहले भी चल रहा था। शनिवार रात भी कबीर कॉलोनी में दोनों पक्षों के बीच झगड़ा हुआ था। आरोप है कि इस दौरान एक पक्ष की ओर से पथराव भी किया गया। रात के विवाद के बाद मामला शांत तो हो गया, लेकिन तनाव बरकरार रहा। रविवार दोपहर दुकान पर हुई कहासुनी के बाद विवाद फिर भड़क गया और इस बार मामला हत्या तक पहुंच गया।

चाचा समेत पांच लोगों पर हत्या का केस, जांच शुरू

मृतक के परिवार ने कालू की हत्या का आरोप उसके चाचा अजीज और उसके चार साथियों पर लगाया है। परिजनों के अनुसार आरोपियों ने कालू को घेरकर उस पर चाकू से हमला किया। परिवार का आरोप है कि पेट में कई वार किए गए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। हालांकि पुलिस की ओर से अभी केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है और हमले में शामिल लोगों की भूमिका स्पष्ट की जा रही है।

ट्रॉमा सेंटर पहुंची पुलिस जांच शुरू

पुलिस को कबीर कॉलोनी में युवक को चाकू मारने की सूचना मिली थी। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम पीजीआईएमएस के ट्रॉमा सेंटर पहुंची। वहां कालू की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस विवाद की असल वजह, घटनाक्रम और हमले में शामिल सभी लोगों की भूमिका की जांच कर रही है। परिजनों के बयान के आधार पर चाचा समेत पांच लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

-संदीप कुमार,
उप निरीक्षक,
सिटी थाना

नेशनल हाइवे- 9 पर हादसा, गांधरा के व्यक्ति की मौत

सांपला। नेशनल हाईवे नंबर-9 पर गांधरा मोड़ के पास शनिवार देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर से गांधरा निवासी एक व्यक्ति की मौत हो गई। हादसे के बाद घायल को उपचार के लिए पीजीआईएमएस ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने मृतक के भतीजे प्रदीप के बयान पर अज्ञात वैन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। प्रदीप ने पुलिस को बताया कि वह दिल्ली पुलिस में नौकरी करता है। शनिवार देर रात उसे सूचना मिली कि उसके चाचा बलजीत को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी है और उन्हें उपचार के लिए पीजीआईएमएस में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलने के बाद वह अस्पताल पहुंचा, लेकिन उपचार के दौरान बलजीत की मौत हो गई।

- अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज

प्रदीप के अनुसार, उसके चाचा किसी काम से दिल्ली गए थे और शाम के समय वापस अपने गांव लौट रहे थे। जब वह गांधरा मोड़ के पास नेशनल हाईवे को पार कर रहे थे, तभी दिल्ली की तरफ से आए एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। आरोपी वाहन चालक की तलाश की जा रही है।

आज अतिक्रमण पर चलेगा निगम का पीला पंजा

रेलवे रोड, शौरी मार्केट, पालिका बाजार समेत प्रमुख बाजारों में पहुंचेगी टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

शहर में लगातार बढ़ रहे अतिक्रमण को लेकर नगर निगम की ओर से आज से विशेष अभियान चलाया जाएगा। निगम की टीम पीले पंजे और अन्य संसाधनों के साथ बाजारों में उतरेगी तथा सड़क और फुटपाथ पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई करेगी। लंबे समय से दुकानों के बाहर सामान रखने और सड़क पर कब्जा करने को लेकर निगम को लगातार शिकायतें मिल रही हैं। इसके बाद अब निगम ने कार्रवाई तेज करने का निर्णय लिया है। अभियान के दौरान शहर के प्रमुख बाजारों को निशाने पर लिया जाएगा। रेलवे रोड, शौरी मार्केट व किला रोड और अन्य भीड़भाड़ वाले बाजारों में निगम की टीम अतिक्रमण की स्थिति का जायजा लेगी। दुकानों के बाहर सड़क अथवा फुटपाथ पर रखा सामान, अस्थायी ढांचे और आवागमन में बाधा बनने वाले अतिक्रमण को हटाया जाएगा।

लोगों को करना पड़ रहा है परेशानी का सामना

नगर निगम के अधिकारियों के अनुसार दुकानदारों को पहले भी सड़क और सार्वजनिक स्थान पर सामान नहीं रखने की हिदायत दी जाती रही है। इसके बावजूद कई स्थानों पर दुकानदारों की ओर से दुकानों की सीमा से बाहर सामान फैलाकर रखा जा रहा है। इससे बाजारों में राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। निगम की भूमि एवं लाइसेंस शाखा के अनुसार बाजार निरीक्षण के दौरान सड़क पर सामान रखने वाले दुकानदारों के चालान करने और सामान जब्त करने का भी प्रावधान है।

ये है निगम की कार्रवाई का लक्ष्य

निगम की कार्रवाई का उद्देश्य बाजारों की सड़कों और फुटपाथ को अतिक्रमण मुक्त कराना है, ताकि आमजन को आने-जाने में परेशानी न हो। निगम अधिकारियों का कहना है कि कार्रवाई के दौरान टीम मौके की स्थिति के अनुसार अतिक्रमण हटाने के साथ आवश्यक कानूनी कार्रवाई भी करेगी। शहर के बाजारों में अतिक्रमण की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। निगम की ओर से पहले भी कई बार अभियान चलाए गए हैं, लेकिन कार्रवाई के कुछ समय बाद दोबारा अतिक्रमण किए जाने की शिकायतें सामने आती रही हैं। ऐसे में इस बार निगम की टीम कार्रवाई के साथ-साथ दोबारा अतिक्रमण करने वालों पर निगरानी रखने की तैयारी में है।

विजेता बेटियों का जोरदार स्वागत





ओलंपिक है परवीन का अगला लक्ष्य

रोहतक। एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जीतकर बॉक्सर परवीन हुड्डा का अपने पैतृक गांव लौटने पर ग्रामीणों और परिजनों ने उनका जोरदार और भव्य स्वागत किया। गांव में स्वागत करने से पहले एयरपोर्ट पर भी भव्य स्वागत किया। कोच दीपक छिक्कारा, कोच विजय हुड्डा ने भी विजेता खिलाड़ी का स्वागत किया। उन्होंने आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

-संबंधित पैकेज पेज 12 पर

हॉकी स्टार दीपिका सहरावत का विजयी जुलूस निकाला

सांपला। एशियन गेम्स में हॉकी में स्वर्ण पदक जीतकर लौटी स्टार खिलाड़ी दीपिका सहरावत का रविवार को एनएच 9 स्थित रोहद टोल प्लाजा पर फूल-मालाओं और नोटों से उनका स्वागत किया गया। इसके बाद वाहनों के काफिले के साथ विजयी जुलूस निकालकर उन्हें गांव लाया गया। सांसद दीपेंद्र हुड्डा और भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल ने दीपिका को सम्मानित कर बधाई दी। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण कोच, सरपंच पुनीत कुमार, संजय, नरेंद्र, राजकुमार, जयभगवान, अशोक कुमार, नसीब कुमार और दीपक कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। दीपिका सहरावत ने अपनी उपलब्धि पर कहा कि भारत को गोल्ड मेडल की जरूरत थी और उनका एकमात्र लक्ष्य देश को स्वर्ण पदक दिलाना था। पूरी टीम ने पूरी मेहनत की। परिणामस्वरूप हमने स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया।



10 साल बाद हुए चुनाव में 3 पैनल थे मैदान में, सभी 120 वोट पड़े

विश्वकर्मा एजुकेशन सोसायटी में विरेंद्र सिंह पैनल की जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

विश्वकर्मा एजुकेशन सोसायटी के चुनाव में विरेंद्र सिंह पैनल ने जीत हासिल की। चुनाव में सभी 120 मत पड़े। परिणाम घोषित होने के बाद विरेंद्र सिंह को प्रधान, अभिमन्यू को उप प्रधान, उमेश शर्मा को सचिव, सुशील निशाल को सह सचिव और सुभे सिंह को कोषाध्यक्ष चुना गया। सोसायटी के चुनाव को लेकर पिछले दिनों से ही खींचतान बनी हुई थी। करीब 10 साल बाद हुए चुनाव में तीन पैनल मैदान में थे। मतदान के दौरान पुलिस की मौजूदगी भी रही। उपलब्ध जानकारी के अनुसार चुनाव के दौरान 120 कॉलेजियम सदस्यों को मतदान करना था और सभी ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। चुनाव से पहले प्रक्रिया और पैनलों को लेकर विवाद सामने आने के कारण मतदान पर भी नजर रही। इसके बावजूद निर्धारित प्रक्रिया के तहत मतदान कराया गया और मतगणना के बाद विरेंद्र सिंह पैनल के प्रत्याशियों को निर्वाचित घोषित किया गया।



रोहतक। विश्वकर्मा एजुकेशन सोसायटी के चुनाव जीतने बाद खुशी मनाते प्रधान विरेंद्र सिंह व अन्य पदाधिकारी।

जानें... नई कार्यकारिणी में किन्हें मिली जिम्मेदारी

नई कार्यकारिणी में विरेंद्र सिंह के साथ अभिमन्यू, उमेश शर्मा, सुशील निशाल और सुभे सिंह को जिम्मेदारी मिली है। चुनाव परिणाम सामने आने के बाद सोसायटी की आगामी गतिविधियों और लंबित मुद्दों को लेकर नई कार्यकारिणी के सामने कामकाज संभालने की चुनौती होगी। चुनाव में तीन पैनल मैदान में थे, जिनमें सेवानिवृत्त डीएसपी सज्जन सिंह, वीरेंद्र सिंह आर्य और देवेंद्र भोला के पैनल शामिल थे। मतदान सुबह नौ बजे शुरू हुआ था और शाम चार बजे तक चला। इसके बाद मतगणना की गई।

स्वास्थ्य विभाग की तबादला नीति में पद कैप करने का विरोध

कर्मचारी एसोसिएशन ने प्रदर्शन कर विधायकों को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



स्वास्थ्य विभाग में तबादले की तैयारी के बीच पदों को कैप करने का मामला कर्मचारियों के विरोध का कारण बन गया है। बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन ने सरकार के इस फैसले पर सवाल उठाते हुए सभी स्वीकृत पदों को खोलने की मांग उठाई है। एसोसिएशन पदाधिकारियों ने रविवार को जिले के विधायकों को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर इसे सरकार तक पहुंचाने और कैप किए गए पदों को खुलवाने की मांग की।जिला प्रधान विनोद हुड्डा, जिला सचिव संदीप गोस्वामी सहित एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा, महम विधायक बलराम दांगी, रोहतक विधायक बीबी बतरा और कलानौर विधायक शकुंतला खटक को ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों ने विधायकों से मुख्यमंत्री के समक्ष मामला उठाने और स्वीकृत पदों को कैप से बाहर करने की सिफारिश करने की अपील की। जिला सचिव संदीप गोस्वामी ने कहा कि तबादला नीति के तहत जारी खाली पदों की सूची में रोहतक जिले के सैकड़ों पदों को कैप कर दिया गया है। उनका आरोप है कि सरकार इन पदों को खाली दिखाने के बावजूद यहां कार्यरत कर्मचारियों को प्रदेश के दूसरे जिलों में भेजने की तैयारी कर रही है। उन्होंने कहा कि रोहतक के लोगों को भी अन्य जिलों की तरह पर्याप्त स्वास्थ्य सेवाओं की जरूरत है। ऐसे में कर्मचारियों की संख्या कम होने से स्वास्थ्य सेवाओं पर सीधा असर पड़ेगा।

भर्ती से खाली पद भरने की मांग

जिला प्रधान विनोद हुड्डा ने कहा कि सरकार को कर्मचारियों को इधर-उधर करने के बजाय स्वास्थ्य विभाग के ढांचे को मजबूत करने पर ध्यान देना चाहिए। प्रदेश के विभिन्न जिलों में खाली पड़े स्वीकृत पदों को नियमित भर्ती के माध्यम से भरा जाए, ताकि स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के साथ बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर भी मिल सकें। उन्होंने कहा कि स्वीकृत पदों को कैप करना किसी भी स्तर पर उचित नहीं है।

सात अक्टूबर से क्रमिक अनशन की चेतावनी

विनोद हुड्डा ने कहा कि यदि स्वीकृत पदों को खोलने के संबंध में जल्द कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो एसोसिएशन सात अक्टूबर से महानिदेशक कार्यालय पर क्रमिक अनशन शुरू करेगी। उन्होंने सरकार से मांग की कि तबादला नीति में कैप किए गए सभी स्वीकृत पदों को खोला जाए और कर्मचारियों को दूसरे जिलों में भेजने के बजाय रिक्त पदों पर नई भर्ती की जाए।

29 को भी किया था प्रदर्शन

एसोसिएशन ने पद कैप किए जाने के विरोध में 29 सितंबर को महानिदेशक कार्यालय पर सांकेतिक रोष प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा था। उस दौरान अधिकारियों के साथ हुई वार्ता में एसोसिएशन ने अपनी आपत्तियां रखी थीं। पदाधिकारियों के अनुसार अधिकारियों ने त्रुटियों को दूर करने और कैप किए गए पदों को खोलने का आश्वासन दिया था। इसके बाद एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने देर शाम मुख्यमंत्री से भी मुलाकात की थी। कर्मचारियों का कहना है कि मुख्यमंत्री ने भी मामले में आवश्यक संज्ञान लेने का आश्वासन दिया था। अब एसोसिएशन ने विधायकों के माध्यम से दोबारा सरकार तक अपनी मांग पहुंचाई है।

न्यूज डायरी

भागवत कथा के चौथे दिन मनाया प्राकट्य उत्सव



रोहतक। मदन लाल लांगड़ा कम्युनिटी सेंटर में मानव कल्याण सोसायटी की ओर से आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में भक्त दिव्य रसपान कर रहे हैं। परम श्रद्धेय भगवत पीठाधीश्वर गुरुदेव देशमुख वाशिष्ठ महाराज के मुखारविंद से कथा का वाचन हो रहा है। राकेश शर्मा ने बताया कि वीरवार को सोसायटी की ओर से मेमोग्राफी कैंसर जांच शिविर लगाया। शिविर में 39 महिलाओं की जांच की गई। कथा में विशेष आशीर्वाद महामंडलेश्वर स्वामी कपिल पुरी महाराज का रहा है। कथा के चतुर्थ दिवस पर ठाकुर के प्राकट्य उत्सव को धूमधाम से मनाया गया। देशमुख वाशिष्ठ महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि और रोहिणी नक्षत्र में आधी रात को जब चारों ओर घना अंधेरा था और मूसलाधार बारिश हो रही थी, तभी कंस के कारागार में दिव्य प्रकाश फैला। इस दौरान पूर्व मेयर मनमोहन गोयल , भाजपा युवा नेता हिमांशु ग्रोवर,सुंदर लाल मड़िया, रमेश मड़िया, राकेश सुनेजा, गुलशन, राय नारंग, निखिल नारंग, सचिन गुप्ता , सौरभ गुलाटी ,रूपेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

खरक जाटान में मनाया आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम



महम। आंगनवाड़ी प्रोजेक्ट के अंतर्गत रविवार को लाखन माजरा खंड के गांव खरक जाटान में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजन किया गया।कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं, बच्चों एवं अन्य लाभार्थियों का स्वागत किया गया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को उनकी सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया तथा लाभार्थियों को फल वितरित किए गए। बच्चों से चित्रों में रंग भरवाने की गतिविधि करवाई गई और उन्हें उपहार देकर प्रोत्साहित किया गया। साथ ही शिशु के लिए अन्नप्राशन संस्कार भी आयोजित किया गया। पोषण माह 2026 के अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्र को आकर्षक रूप से सजाया गया तथा पोषण माह की रंगोली एवं पोषण वृक्ष बनाया गया, जिसमें सही पोषण, देश रोशन"का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में अर्जुन अवार्डी खिलाड़ी भारतीय कबड्डी टीम के पूर्व कप्तान एवं भाजपा नेता दीपक हुड्डा ,अमित चौहान लाखन माजरा मंडल अध्यक्ष, डीपीओ दीपिका सैनी, सीडीपीओ शालिनी , सरपंच अजमेर सिंह सहित सुपरवाइजर नेहा बलहारा, पूनम यादव एवं रसना दहिया तथा खरकजाटान क्षेत्र की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।



रोहतक। ग्रामीणों को संबोधित करते भाजपा के पूर्व सहकारिता मंत्री एवं वरिष्ठ नेता मनीष कुमार ग्रोवर।

हरियाणा कांग्रेस में अलग थलग पड़े हुड्डा : मनीष ग्रोवर

रोहतक। सेवा संकल्प अभियान के तहत गांव-गांव पहुंच रहे भाजपा के पूर्व सहकारिता मंत्री एवं वरिष्ठ नेता मनीष कुमार ग्रोवर ने मदीना गांव में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस कई धड़ों में बंटी हुई है और पार्टी के भीतर ही पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के खिलाफ आवाजें उठ रही हैं। 2029 के चुनाव तक हुड्डा 84 साल के हो जाएंगे। पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने कहा कि कांग्रेस में जो भी प्रदेश अध्यक्ष पहले बने, उन्हें पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने किनारे लगाने का काम किया। चाहे वह डॉक्टर अशोक तंवर हो या फिर कुमारी शैलजा, लेकिन मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह इस मामले में अलग दिखाई दे रहे हैं और उन्होंने हुड्डा को ही अलग-थलग कर दिया है। आज कांग्रेस में जितने भी प्रमुख नेता हैं, उनमें से अधिकांश हुड्डा के खिलाफ खड़े नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि रोहतक के सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा को सांसद निधि के रूप में प्रतिवर्ष करोड़ों रुपये विकास कार्यों के लिए मिलते हैं। ग्रोवर ने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे विकास और जनसेवा के नाम पर होने वाली राजनीति को परखें। उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान का केंद्र व हरियाणा की भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और ऐतिहासिक फैसलों की जानकारी लोगों तक पहुंचाना है। इस मौके पर मार्केट कमेटी रोहतक के अध्यक्ष अशोक चौधरी, सरपंच प्रतिनिधि संदीप दांगी सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

खेल प्रेमियों के विरोध को देखते हुए चेयरमैन ने बदला फैसला, बोले

स्टेडियम की जमीन पर नहीं लगेंगी रेहड़ियां, बनेगी दीवार

ग्रामीणों ने किया था नगरपालिका की योजना के खिलाफ प्रदर्शन, स्टेडियम परिसर में ही बुलाई थी महापंचायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला



रोहतक। स्टेडियम की जमीन पर रेहड़ियां लगाने की योजना के विरोध में आयोजित महापंचायत में मौजूद खेलप्रेमी व ग्रामीण।

मुख्य बाजार में अतिक्रमण और जाम की समस्या से निपटने के लिए रेहड़ियों को खेल स्टेडियम की जमीन पर स्थानांतरित करने की नगरपालिका की योजना के खिलाफ रविवार को खेल प्रेमियों और ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। स्टेडियम परिसर में आयोजित महापंचायत में लोगों ने पालिका के निर्णय का विरोध करते हुए साफ कहा कि खेल के मैदान की जमीन रेहड़ियां लगाने के लिए नहीं दी जानी चाहिए।महापंचायत में नगरपालिका चेयरमैन प्रवीण कोच, करीब एक दर्जन पार्षदों के अलावा नवीन कुमार, सुमित, नितिन, दिनेश, कुलदीप, आनंद और कृष्ण सहित अनेक लोग मौजूद रहे। खेलप्रेमियों ने कहा कि सांपला का यह एकमात्र खेल स्टेडियम है, जहां स्थानीय युवाओं के साथ आसपास के गांवों के बच्चे भी खेलों का अभ्यास करने आते हैं। स्टेडियम के आसपास भविष्य में विस्तार के लिए भी पर्याप्त खाली जमीन उपलब्ध नहीं है। ऐसे में बची हुई जमीन पर रेहड़ियां लगाने से भविष्य में खेल सुविधाओं के विस्तार में परेशानी खड़ी हो सकती है।

पहले बाल भवन की व्यवस्था छोड़कर स्टेडियम क्यों

मुख्य बाजार में रेहड़ियों से जाम की समस्या के समाधान के लिए पालिका ने पहले बाल भवन में हजारों रुपये खर्च कर रेहड़ीवालों के लिए व्यवस्था की थी। यह व्यवस्था कई महीनों तक सुचारु भी चली। बाद में कुछ रेहड़ीवालों ने दोबारा चौराहे पर रेहड़ियां लगानी शुरू कर दीं और धीरे-धीरे अन्य रेहड़ीवाले भी मुख्य बाजार में लौट आए। लोगों का सवाल है कि अतिक्रमण हटाने और रेहड़ियों को दोबारा बाल भवन में व्यवस्थित करने की बजाय स्टेडियम की जमीन को ही क्यों चुना गया। विरोध के बाद अब पालिका के सामने बाजार को जाममुक्त करने के साथ रेहड़ीवालों के लिए उचित वैकल्पिक व्यवस्था करने की चुनौती है।

दूसरे स्थान पर व्यवस्था करने की मांग

ग्रामीणों ने चेयरमैन से स्टेडियम की जमीन पर रेहड़ियों के लिए किए जा रहे कार्य को तुरंत बंद करवाने और किसी अन्य स्थान पर व्यवस्था करने की मांग की। लोगों के विरोध को देखते हुए चेयरमैन प्रवीण कोच ने महापंचायत में घोषणा की कि स्टेडियम की जमीन पर रेहड़ियां स्थानांतरित नहीं की जाएंगी। उन्होंने स्टेडियम की जो दीवार आदि तोड़ी गई है, उसका जल्द पुनर्निर्माण करवाने की बात भी कही। घोषणा के बाद खेलप्रेमियों और ग्रामीणों ने चेयरमैन का आभार जताया।

मानव उत्थान सेवा समिति ने चलाया स्वच्छता अभियान



रोहतक। मानव उत्थान सेवा समिति रोहतक के तत्वावधान में महात्मा विपुला बाई की अध्यक्षता में महात्मा गांधी की जयंती के उपलक्ष में रुपया चौक पर स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह स्वच्छता अभियान सद्गुरुदेव सतपाल महाराज की आज्ञा एवं प्रेरणा से 1 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक आयोजित किए जा रहे स्वच्छता कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना तथा अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने का संदेश देना था। इस अभियान में यूथ विंग , मानव सेवा दल तथा शाखा आश्रम विभाग के सेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में शामिल सभी युवाओं एवं मानव सेवा दल के सदस्यों ने स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज के निर्माण में निरंतर योगदान देने का संकल्प लिया।



भाजपा कार्यकर्ताओं ने चलाया सफाई अभियान

महम। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत महम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने शहर में सफाई अभियान चलाया। इस अभियान के तहत पार्टी कार्यकर्ताओं ने चौबीसी चबूतरे की सफाई की। पूर्व राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने सफाई अभियान का शुभारंभ किया। अभियान में नगर पालिका कर्मचारी भी शामिल हुए। इस मौके पर नगर पालिका के वाइस चेयरमैन बसंत लाल गिरधर, व्यापार मंडल महम के प्रधान जोगिंद्र गिरोत्रा, राकेश भारद्वाज, सतपाल सड़ाना, कविता खरकड़ा, जयभगवान दहिया, पार्षद विकास श्योराण, एमिनेंट पर्सन वेदप्रकाश धवन, वजीर सैनी व मंडल अध्यक्ष मुकेश खत्री समेत कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

82 किमी मेट्रो के दावे से 82 इंच तक नहीं बढ़ी भाजपा सरकार : दीपेंद्र हुड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। ब्लॉक कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्य अतिथि सांसद दीपेंद्र हुड्डा, विधायक बीबी बतरा, विधायक शकुंतला खटक, विधायक बलराम दांगी का स्वागत करते विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता।

सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने रविवार को भाजपा सरकार पर विकास, रोजगार और खेल बजट को लेकर जमकर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय हरियाणा विकास का पर्याय माना जाता था, लेकिन भाजपा के 12 साल के शासन में प्रदेश बेरोजगारी, नशे, पलायन और खराब कानून-व्यवस्था के मामलों में आगे पहुंच गया है। उन्होंने मांग की कि वर्ष 2030 के कॉमनवेल्थ गेम्स और ओलंपिक खेल हरियाणा में आयोजित कराए जाएं।गांव भैंसरू खुर्द में एशियन गेम्स की स्वर्ण पदक विजेता भारतीय महिला हॉकी टीम की सदस्य दीपिका सहरावत के सम्मान समारोह में पहुंचे हुड्डा ने उन्हें बधाई दी और 'लेडी ध्यानचंद' की उपाधि से सम्मानित किया। दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के दौरान हरियाणा में 82 किलोमीटर मेट्रो का विस्तार हुआ और गुरुग्राम, फरीदाबाद, वल्लभगढ़ तथा बहादुरगढ़ जैसे शहर जुड़े। भाजपा सरकार पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि 12 साल में 82 किलोमीटर तो दूर, 82 इंच भी मेट्रो आगे नहीं बढ़ी। सम्मेलन में विधायक बीबी बतरा, विधायक शकुंतला खटक, विधायक बलराम दांगी, जिलाध्यक्ष कुलदीप केडी, जिलाध्यक्ष बलवान रंगा, ब्लॉक अध्यक्ष सुनील बल्ली, कपिल खन्ना, कुशलानंद वशिष्ठ आदि रहे।

महम में 1405 क्विंटल बाजरा की हो चुकी आवक 790 क्विंटल बाजरा खरीदा

महम। अनाज मंडी महम में रविवार को 606 क्विंटल बाजरा की खरीद हुई। अब तक महम अनाज मंडी में 1405 क्विंटल बाजरा की आवक हो चुकी है। जिसमें से कुल 790 क्विंटल बाजरा की खरीद हो सकी है। यह खरीद भी प्राइवेट हुई है। सरकार की ओर से अब तक बाजरा की खरीद नहीं की जा सकी है। अनाज मंडी में धान की फसल भी पहुंचने लगी है। अब तक मंडी में 241 क्विंटल धान पहुंचा है। रविवार को मंडी में 60 क्विंटल धान की आवक हुई।



नए साल से हरी चुनरी चौपाल कार्यक्रम दोबारा शुरू करेगी जेजेपी: नैना चौटाला

रोहतक। जननायक जनता पार्टी ने राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया है। जेजेपी द्वारा नए साल 2027 की शुरुआत जनवरी माह से महिलाओं के कार्यक्रम हरी चुनरी चौपाल को दोबारा शुरू किया जाएगा ताकि महिलाएं अपने हकों की आवाज को एकजुट होकर बुलंद कर सके। वहीं 9 दिसंबर को जेजेपी स्थापना दिवस से पहले सभी 23 जिलों में महिला पदाधिकारियों की बैठकें भी की जाएगी। बैठक में जेजेपी की पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ नेत्री नैना सिंह चौटाला ने कहा कि जेजेपी में सदा महिलाओं की भूमिका अहम रही है। बैठक में जेजेपी की राष्ट्रीय, प्रदेश कार्यकारिणी की सभी महिला पदाधिकारी, सभी महिला जिला अध्यक्ष, महिला हलका अध्यक्ष सहित जेजेपी प्रदेश कार्यालय सचिव रविंद्र सांगवान, राजेश सैनी, मुकेश, ओमपति, आयुश यादव, बिमला, ओम धारा आदि मौजूद रहे।

डीएपी की कमी का मुद्दा महापंचायत में उठाएगा संगठन

रोहतक। ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन की ओर से रविवार को गांव मोरखेड़ी और कंसाला में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। प्रदेश सचिव जयकरण मांडौठी और जिला कमेटी सदस्य रणबीर सिंह ने किसानों और भूमिहीन ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं पर चर्चा की। उन्होंने 26 अक्टूबर को नांदल भवन, बोहर में होने वाली महापंचायत में शामिल होने का निमंत्रण दिया। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर महापंचायत में 9 दिसंबर 2021 को केंद्र सरकार की ओर से एसकेएम को दिए गए लिखित आश्वासन लागू कराने और किसान आंदोलन में जान गंवाने वाले 736 किसानों की स्मृति में दिल्ली की सीमाओं पर शहीद स्मारक बनवाने की मांग उठाई जाएगी। बैठकों में डीएपी खाद की कमी, मंडियों में लगाई जा रही शर्तों तथा नमी और पोर्टल संबंधी अड़चनों के कारण बाजरा और धान की सरकारी खरीद शुरू नहीं होने का मुद्दा उठाया गया। किसानों ने अन्य स्थानीय समस्याओं से भी संगठन के पदाधिकारियों को अवगत कराया। जयकरण मांडौठी और रणबीर सिंह ने कहा कि किसानों और भूमिहीन ग्रामीणों की इन समस्याओं को महापंचायत में प्रमुखता से उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि खाद की कमी और मंडियों में खरीद संबंधी अड़चनें किसानों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई हैं। इस दौरान सतबीर सिंह, सुखबीर सिंह, महेंद्र, प्रेम, जगत सिंह, सतीश, रणधीर, सुधीर, सुभाष, अनूप, पवन, बिजेंद्र, दयानंद, समुंद्र, कर्म सिंह, नरेंद्र, संदीप, भोलू, जगदीश, नवीन, राजबीर, टिल्ली, साहिल और बलवान सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे। उन्होंने महापंचायत में शामिल होने का आश्वासन दिया।

जयंती पर दो दिन गूंजेगा महाराजा अग्रसेन का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। पत्रकारों से वार्ता करते अग्रसेन विकास ट्रस्ट के पदाधिकारी।

महाराजा अग्रसेन विकास ट्रस्ट रजि. एवं महाराजा अग्रसेन सेवा सदन ट्रस्ट की ओर से महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर 10 और 11 अक्टूबर को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रमों की जानकारी झज्जर रोड स्थित वैश्य गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित पत्रकार वार्ता में ट्रस्ट के चेयरमैन राजेश जैन ने दी।

उन्होंने बताया कि जयंती समारोह में महाराजा अग्रसेन के 'एक ईंट, एक रुपया' सिद्धांत को नाटक के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा। समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाले लोगों को अग्ररत्न सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। वहीं महिला शक्ति को भी उनके सामाजिक योगदान के लिए विशेष सम्मान दिया जाएगा। अग्रसेन जयंती के माध्यम से रोहतक के अग्रवाल समाज की एकजुटता दिखाई देगी। 10 अक्टूबर को सुबह 9 बजे अप्रोच रोड पर रक्तदान शिविर, 10 बजे स्वास्थ्य जांच शिविर और दोपहर 12 बजे विशाल भंडारे का आयोजन होगा। शाम 4:30 बजे वैश्य महिला महाविद्यालय में भजन संध्या होगी, जिसमें अमृतसर से आए भजन सम्राट दिनेश पथिक के कलाकार महाराजा अग्रसेन का गुणगान करेंगे। इसके बाद शाम 5:30 बजे आचार्य शक्ति देव के सानिध्य में 108 कुंडीय हवन होगा।

बाल संस्कार कार्यक्रम में बच्चों को आगे बढ़ने के लिए किया प्रेरित



रोहतक। माता धनपति देवी चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से नए भवन में बाल संस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पीजीआई रोहतक के गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी विभाग के एचओडी डॉ. प्रवीण मल्होत्रा, विशिष्ट अतिथि समाजसेवी स्नेहलता गुप्ता, राकेश गर्ग और कांग्रेस नेता डॉ. जोगिंद्र मोर ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं आरती के साथ किया। मुख्य अतिथि डॉ. प्रवीण मल्होत्रा ने ट्रस्ट के कार्यों की सराहना करते हुए तीसरी मंजिल पर बनने वाली रसायन विज्ञान प्रयोगशाला के लिए अपने कोष से आर्थिक सहयोग दिया। उन्होंने भविष्य में अन्य लोगों से भी प्रयोगशाला के लिए सहयोग दिलाने का आश्वासन दिया। उन्होंने डॉ. प्रियंका जांगड़ा को नेट पीजी में प्रवेश मिलने पर बधाई दी। डॉ. जोगिंद्र मोर और राकेश गर्ग ने बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर चेयरमैन हरिप्रकाश गुप्ता, कुलदीप मित्तल, वेद प्रकाश साहनी, राम अवतार शास्त्री, कृष्ण मित्तल, कविता जांगड़ा, सुनील, राम, अजेश गुप्ता, सीमा और गौरी रहे।

बारिश कम होने से इस बार धान का रकबा पिछले वर्षों के मुकाबले घटकर करीब 40 से 50 हजार हेक्टेयर ही रह गया

आधा रह गया धान का रकबा, फिर भी किसानों पर पाबंदियां

राजकुमार नरवाल ▶▶| महम

बारिश कम होने से इस बार धान का रकबा पिछले वर्षों के मुकाबले घटकर करीब 40 से 50 हजार हेक्टेयर ही रह गया है, जबकि सामान्य तौर पर यह 65 से 70 हजार हेक्टेयर तक पहुंचता रहा है। किसानों ने कई जगह धान की रोपाई तो की, लेकिन पर्याप्त बारिश नहीं होने से फसल सूखकर खराब हो गई। रकबा घटने के बावजूद बची फसल की कटाई से लेकर मंडी में बिक्री तक किसानों के सामने शर्तों और पाबंदियों की लंबी सूची है। कंबाइन हार्वेस्टर शाम 6 बजे से सुबह 10 बजे तक नहीं चल सकेंगे। इसके अलावा धान की नमी 17 प्रतिशत से अधिक होने पर खरीद में अड़चन आएगी और मंडी पहुंचने के लिए निर्धारित शेड्यूल, ई-खरीद प्रक्रिया तथा वैध गेट पास या टोकन जरूरी होगा। जिलाधीश के आदेश के अनुसार कंबाइन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक ही चलाए जा सकेंगे। प्रशासन ने देर शाम, रात और सुबह ओस तथा अधिक आर्द्रता के कारण धान में नमी बढ़ने की संभावना को इसका आधार बनाया है। आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत जारी किए गए हैं और 30 सितंबर से प्रभावी हैं।

कटाई के लिए केवल आठ घंटे

धान की फसल एक साथ पकने पर कंबाइन की मांग बढ़ सकती है। ऐसे में रोजाना आठ घंटे की समय सीमा किसानों और कंबाइन संचालकों के लिए चुनौती बन सकती है। बारिश या मौसम खराब होने की स्थिति में उपलब्ध समय और घट जाएगा। प्रशासन ने पूरी तरह पकी फसल की कटाई करने और उपज को सुखाकर मंडी में लाने की अपील की है।

मंडी में 17 प्रतिशत नमी की शर्त

खेत से कटाई के बाद मंडी में भी किसानों को गुणवत्ता की शर्त पूरी करनी होगी। 17 प्रतिशत तक नमी वाला धान ही निर्धारित मानक के अनुसार खरीद के लिए स्वीकार किया जाएगा। ट्रैक्टर-ट्रॉली और अन्य वाहनों का प्रवेश ई-खरीद, 'मेरी फसल मेरा ब्यौरा', निर्धारित शेड्यूल तथा वैध गेट पास या टोकन के आधार पर होगा। समय से पहले पहुंचने वाले वाहनों को होल्डिंग या स्टेजिंग एरिया में रुकना पड़ेगा। सड़क, हाईवे और मंडी प्रवेश द्वार पर वाहन खड़ा करने पर रोक रहेगी।

सरकार की हकीकत दुनिया के सामने आ चुकी

वर्तमान सरकार किसानों को बर्बाद करना चाहती है। गेहूं के रेट में 25 पैसे प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी से सरकार की हकीकत दुनिया के सामने आ चुकी है। अब धान कटाई का सीजन है तो किसानों पर तरह-तरह की पाबंदियां सरकार ने लगा दी है।

सुमित दलाल, महा सचिव, किसान सभा हरियाणा

कंबाइन में स्ट्रॉ-मैनेजमेंट जरूरी

कंबाइन हार्वेस्टर में निर्धारित स्ट्रॉ-मैनेजमेंट उपकरणों का इस्तेमाल अनिवार्य किया गया है। फसल अवशेषों के प्रबंधन पर भी निगरानी रखी जाएगी। इस तरह खेत में कटाई के समय से लेकर मंडी में फसल की बिक्री तक किसानों को कई शर्तों का पालन करना होगा।

नियम टूटे तो कार्रवाई

व्यवस्था की निगरानी के लिए कृषि, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, मार्केट कमेटी और पुलिस विभाग की संयुक्त टीमें गठित की गई हैं। ये टीमें कंबाइन संचालन, स्ट्रॉ-मैनेजमेंट और मंडियों में वाहनों की आवाजाही पर नजर रखेंगी। आदेशों की अवहेलना पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 तथा पर्यावरण और मोटर वाहन संबंधी प्रावधानों के तहत कार्रवाई का प्रावधान है। ऐसे में कम रकबे के बावजूद प्रशासन के सामने किसानों की बची फसल की समय पर कटाई और मंडियों तक व्यवस्थित पहुंच सुनिश्चित करने की चुनौती रहेगी।

गेहूं के एमएसपी में 25 रुपये की बढ़ोतरी किसानों का अपमान: किसान सभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अखिल भारतीय किसान सभा की हरियाणा राज्य कमेटी की ऑनलाइन बैठक शुक्रवार को हुई। बैठक में केंद्र सरकार की ओर से घोषित रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को किसानों के साथ मजाक बताया गया। किसान नेता सुमित दलाल ने कहा कि सरकार एमएसपी में बढ़ोतरी को उत्पादन लागत से डेढ़ गुना अधिक दाम देने के प्रमाण के रूप में पेश कर रही है, जबकि किसान सभा के अनुसार यह दावा भ्रामक है। किसान आंदोलन की लंबे समय से मांग है कि एमएसपी सी2+50 प्रतिशत के आधार पर तय करने के साथ इसकी वैधानिक गारंटी और प्रभावी खरीद व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

किसान सभा ने हरियाणा में धान खरीद के लिए जारी शर्तों पर भी सवाल उठाए। नेताओं ने कहा कि धान खरीद सुचारू रूप से शुरू नहीं हुई है और गेट पास, नमी, फसल पंजीकरण तथा प्रति एकड़ खरीद सीमा जैसी शर्तों के कारण किसानों को मंडियों में परेशानी हो रही है। उन्होंने सरकार से इन शर्तों को वापस लेने की मांग की।

39वीं हरियाणा राज्य जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप

जैवलिन थ्रो में रोहतक की सोम्या दूसरे और 3000 मीटर स्टीपलचेज में निशु तीसरे स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गुरु द्रोणाचार्य स्टेडियम, कुरुक्षेत्र में 2 से 4 अक्टूबर तक आयोजित 39वीं हरियाणा राज्य जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का भव्य समापन हो गया है। एथलेटिक्स हरियाणा एवं कुरुक्षेत्र एथलेटिक्स संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस 3 दिवसीय महाकुंभ में हरियाणा राज्य के सभी जिलों से आए लगभग 2,000 एथलीटों ने अपनी खेल प्रतिभा और ऊर्जा का शानदार प्रदर्शन किया। जैवलिन थ्रो में रोहतकी सोम्या ढाका ने दूसरा और 3000 मीटर स्टीपलचेज निशु ने तीसरा स्थान हासिल किया।

पदक विजेताओं को किया सम्मानित

समापन समारोह में एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की ग्रीवेंस कमेटी के सदस्य राजकुमार मिटान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और खेल भावना के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। फरीदाबाद के खेल मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ ने जानकारी दी कि इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में राज्यभर के खेल संघों और प्रशिक्षकों का अहम योगदान रहा। समापन समारोह के दौरान सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को एथलेटिक्स हरियाणा के अध्यक्ष दिलबाग सिंह, उपाध्यक्ष जितेन्द्र बांगर, मुख्य प्रवक्ता एवं यमुनानगर एथलेटिक्स कोच डॉ. परवीन कुमार, मुख्य चयनकर्ता यशपाल चोपड़ा, करनाल एथलेटिक्स कोच सतीश पंघाल, कुरुक्षेत्र एथलेटिक्स कोच मणि कुमार व अंजू कुमारी, यमुनानगर संघ की सचिव अंजू बाला, तथा एथलेटिक्स हरियाणा के सदस्य विकास गहलावत व कोषाध्यक्ष जसवंत सिवाच द्वारा पदक प्रदान कर सम्मानित किया।

ये रहे प्रतियोगिता के परिणाम

20 वर्ष आयु वर्ग (लड़के):

600 मीटर दौड़: शौर्य (सोनीपत) - प्रथम, गौरांश सैनी (कुरुक्षेत्र) - द्वितीय, जसदीप जुलिया (जींद) - तृतीय।
1500 मीटर दौड़: हितेश (हिसार) - प्रथम, सहित (जींद) - द्वितीय, अमन कुमार - तृतीय।
शॉट पुट (गोला फेंक): हर्षित (हिसार) - प्रथम, सचिन (गुरुग्राम) - द्वितीय, रक्षित (पानीपत) - तृतीय।
100 मीटर दौड़: देवेंद्र (हिसार) - प्रथम, जतिन कुमार (रेवाड़ी) - द्वितीय, लक्ष्य त्यागी (पानीपत) - तृतीय।

20 वर्ष आयु वर्ग (लड़कियां):

1500 मीटर दौड़: रिद्धिमा (अंबाला) - प्रथम, हिमांशी (फरीदाबाद) - द्वितीय, मोनी (पानीपत) - तृतीय।
हैमर थ्रो: दीपांशी (झज्जर) - प्रथम, खुशी (पानीपत) - द्वितीय, शिवानी शर्मा (झज्जर) - तृतीय।
3000 मीटर स्टीपलचेज: गायत्री (सिरसा) - प्रथम, अंजलि (हिसार) - द्वितीय, निशु (रोहतक) - तृतीय।
100 मीटर दौड़: वैन्सी (झज्जर) - प्रथम, आरती (झज्जर) - द्वितीय, पूजा (हिसार) - तृतीय।

18 वर्ष आयु वर्ग (लड़के):

जैवलिन थ्रो (भाला फेंक): प्रतीक (झज्जर) - प्रथम, चिराग (झज्जर) - द्वितीय, आर्यन (भिवानी) - तृतीय।
1000 मीटर दौड़: देव (रेवाड़ी) - प्रथम, हनी (गुरुग्राम) - द्वितीय, नीरज (हिसार) - तृतीय।
100 मीटर दौड़: अमन (जींद) - प्रथम, संकेत (सोनीपत) - द्वितीय, दीपांशु (झज्जर) - तृतीय।

18 वर्ष आयु वर्ग (लड़कियां):

1000 मीटर दौड़: खुशी (पंचकूला) - प्रथम, महक (हिसार) - द्वितीय, हनी (फरीदाबाद) - तृतीय।
400 मीटर दौड़: वंशिका (भिवानी) - प्रथम, लाक्षिता (करनाल) - द्वितीय, तन्नू (पानीपत) - तृतीय।

16 वर्ष आयु वर्ग (लड़कियां):

हाई जंप: डी.एस. दिव्या (भिवानी) - प्रथम, नवजोत (फतेहाबाद) - द्वितीय, अंबिका कँवल - तृतीय।
600 मीटर दौड़: आशी शर्मा (पंचकूला) - प्रथम, गुनगुन दलाल (हिसार) - द्वितीय, अमन (जींद) - तृतीय।
जैवलिन थ्रो: मीनाक्षी (फतेहाबाद) - प्रथम, सोम्या ढाका (रोहतक) - द्वितीय, यामिनी (फतेहाबाद) - तृतीय।

खेल मुकाबलों में विद्यार्थियों ने दिखाया दमखम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

फुटवियर डिजाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट (एफडीडीआई), रोहतक में आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 'आह्वान' 2026 में विद्यार्थियों ने कबड्डी, क्रिकेट, रस्साकशी, कैरम बोर्ड और बैडमिंटन के मुकाबलों में हिस्सा लिया। दिनभर चले मुकाबलों में विद्यार्थियों ने अपनी खेल प्रतिभा के साथ टीम भावना और अनुशासन का परिचय दिया। विभिन्न टीमों के बीच हुए मुकाबलों को देखने के लिए साथी विद्यार्थी भी मौजूद रहे और तालियों के साथ खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। कबड्डी, क्रिकेट और रस्साकशी के मुकाबलों में खिलाड़ियों ने टीम के बेहतर तालमेल के साथ प्रदर्शन किया। वहीं बैडमिंटन और कैरम बोर्ड में विद्यार्थियों ने व्यक्तिगत कौशल का प्रदर्शन किया।



खेल विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास का अहम हिस्सा

खेल गतिविधियों में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को टीमवर्क, नेतृत्व, अनुशासन, आत्मविश्वास और आपसी सहयोग जैसे गुणों को व्यवहार में उतारने का अवसर मिला। नियमित पढ़ाई से अलग इन गतिविधियों के कारण परिसर में दिनभर खेल और मनोरंजन का माहौल बना रहा। एफडीडीआई रोहतक की कार्यकारी निदेशक सरिता दुहन ने विद्यार्थियों को खेलों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ खेल विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। खेलों के माध्यम से विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व, आत्मविश्वास और टीम भावना विकसित होती है। संस्थान में ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के समग्र विकास और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देने के लिए किए जाते हैं। दिनभर चली प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने खेलों के साथ आपसी सहभागिता और मनोरंजन का भी आनंद लिया। आयोजन का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ।

नेशनल जूडो में कैंपस स्कूल की कनिका ने जीता कांस्य



रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल की कक्षा नौवीं की छात्रा कनिका यादव ने सीबीएसई नेशनल जूडो चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। कनिका ने 44 किलोग्राम भारवर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए यह उपलब्धि हासिल की। करनाल स्थित मिनर्वा पब्लिक स्कूल में 29 सितंबर से 4 अक्टूबर तक आयोजित सीबीएसई नेशनल जूडो चैंपियनशिप में देशभर के विभिन्न विद्यालयों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में कनिका ने बेहतरीन खेल कौशल और आत्मविश्वास का प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। कनिका की इस उपलब्धि पर यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल की निदेशक प्रो. पूजा सुनेजा, शारीरिक शिक्षा शिक्षक मनोज हुड्डा समेत अन्य शिक्षकों ने उसे बधाई दी। उन्होंने कनिका के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उसकी सफलता अन्य विद्यार्थियों को भी खेलों में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेगी।

सीबीएसई राष्ट्रीय लॉन टेनिस चैंपियनशिप

प्रिशा ने निरेन्जना को हराकर शानदार जीत की हासिल



रोहतक। मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर के प्रतिष्ठित संस्थान दयावती मोदी अकादमी (पूर्व में द स्टार ग्लोबल स्कूल) में सीबीएसई राष्ट्रीय लॉन टेनिस चैंपियनशिप 2026-27 का भव्य एवं गरिमामय शुभारंभ हुआ। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 4 से 9 अक्टूबर तक आयोजित की जा रही है, जिसमें देश और दुनिया के विभिन्न हिस्सों से आए युवा प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। अंडर-14 में डीपीएस गौतम बुद्ध नगर की प्रिशा ने इंडियन स्कूल मस्कट की निरेन्जना को हराकर शानदार जीत दर्ज की। प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन भारतीय कबड्डी टीम के पूर्व कप्तान एवं अर्जुन पुरस्कार विजेता दीपक हुड्डा ने किया।

मार्च पास्ट से समारोह की हुई शुरुआत

समारोह की शुरुआत देशभर व अंतरराष्ट्रीय विद्यालयों से आए खिलाड़ियों के आकर्षक मार्च पास्ट से हुई। इसके बाद मेजबान विद्यालय के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का स्वागत किया। मुख्य अतिथि दीपक निवास हुड्डा ने खिलाड़ियों को अनुशासन और खेल भावना के साथ खेलने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य राजीव ढाका ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि खेल व्यक्तित्व विकास और राष्ट्रीय एकता का सशक्त मंच हैं। इस अवसर पर सीबीएसई ऑब्जर्वर जे. एस. नंदा और रोहताश विशेष रूप से उपस्थित रहे।

योजित सैनी का नेशनल थांग-ता प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतने पर भव्य स्वागत

रोहतक। श्रीनगर में 27 से 30 सितंबर तक आयोजित 32वीं थांग-ता जूनियर नेशनल प्रतियोगिता में रोहतक के युवा खिलाड़ी योजित सैनी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया है। यह प्रतियोगिता जम्मू-कश्मीर थांग-ता एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित की गई थी। रविवार को विजेता खिलाड़ी के रोहतक लौटने पर मौहल्ला चमनपुरा स्थित उनके आवास पर सैनी समाज की ओर से भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने उनके निवास पर पहुंचकर योजित सैनी को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर सैनी संस्था के उप प्रधान बुधराम सैनी, सचिव जगदीश कुमार सैनी, श्याम कटारिया, दीपक सैनी, भाजपा नेता कंवल सिंह सैनी, संजय परमार, मंडल मीडिया प्रमुख प्रवीण सैनी समेत भंवर सिंह सैनी, विनोद कटारिया, सतवीर सैनी, विजय सैनी, अनिल सैनी और रणबीर सहित समाज के कई प्रमुख लोग मौजूद रहे



26 अक्टूबर को नांदल भवन में होगी किसान-मजदूर महापंचायत

रोहतक। ऑल इंडिया यूनाइटेड ट्रेड यूनियन सेंटर (एआईयूटीयूसी) की प्रदेश कमेटी की बैठक रविवार को बलवंत भवन में हुई। अध्यक्षता कामरेड राजेंद्र सिंह एडवोकेट ने की और संचालन हरिप्रकाश ने किया। बैठक में मजदूरों की समस्याओं और सरकार की नीतियों पर चर्चा करते हुए 26 अक्टूबर को नांदल भवन, बोहर में विशाल महापंचायत करने का निर्णय लिया गया। प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार ने 15,220 रुपये मासिक न्यूनतम वेतन घोषित किया है, लेकिन अनेक उद्योगों में इसका पालन नहीं हो रहा। महंगाई को देखते हुए न्यूनतम वेतन कम से कम 42 हजार रुपये मासिक होना चाहिए। उन्होंने कहा कि चार श्रम संहिताओं के जरिए मजदूरों के यूनियन बनाने और आंदोलन करने के अधिकारों को भी सीमित किया गया है।

नांदल खाप 20 को मनाएगी स्थापना दिवस, मेधावियों का होगा सम्मान



रोहतक। नांदल भवन में रविवार को नांदल खाप की बैठक खाप प्रधान ओमप्रकाश नांदल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में खाप के आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई और कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक में निर्णय लिया गया कि नांदल खाप की ओर से 20 अक्टूबर को स्थापना दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर अखिल भारतीय नांदल समाज के सदस्यों को भी आमंत्रित किया जाएगा। खाप पदाधिकारियों ने बताया कि स्थापना दिवस समारोह के दौरान समाज की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। इसमें दसवीं और बारहवीं कक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में समाज का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को भी सम्मान दिया जाएगा।

लाखन माजरा कॉलेज में फोटोग्राफी स्पर्धा छात्राओं ने तस्वीरों में दिखाया प्रकृति प्रेम



रोहतक। राजकीय महिला महाविद्यालय, लाखन माजरा में 'नेशनल वाइल्डलाइफ़ वीक' के उपलक्ष्य में एक उत्साहपूर्ण फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्या इंदु सपरा के मार्गदर्शन में बॉटनी विभाग की सहायक प्रोफेसर सोनाली द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता का मुख्य विषय पौधों को उनके प्राकृतिक स्वरूप में कैप्चर करना था। इसका उद्देश्य छात्राओं को प्राकृतिक संपदा के प्रति जागरूक और संवेदनशील बनाना था। प्रतियोगिता में 46 छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रदर्शनियों का मूल्यांकन गृह विज्ञान विभाग की डॉ. आशा व श्रीमती इंदु तथा वाणिज्य विभाग की डॉ. दीपिका के निर्णायक मंडल ने किया। प्रतियोगिता में दीपाली ने प्रथम, हिमांशी व मुस्कान ने संयुक्त रूप से द्वितीय, तथा काजल, तुलसी एवं हिमांशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

क्रॉस-कंट्री प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में सीआरए और महिला वर्ग में टीआरजीसी बने चैंपियन



रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में रविवार को इंटर कॉलेज क्रॉस-कंट्री प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस खेल प्रशंगीता में सोनीपत के सीआरए कॉलेज और टीका राम गर्ल्स पीजी कॉलेज के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुष और महिला दोनों वर्गों में बाजी मारी। पुरुष वर्ग में सीआरए सोनीपत ने 11 अंक के साथ प्रथम स्थान हासिल कर खिताब जीता। आईजेएचएम रोहतक 28 अंक के साथ दूसरे और जीसी भिवानी 62 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहा। महिला वर्ग में टीआरजीसी सोनीपत 19 अंक के साथ विजेता बना। एमकेजेके रोहतक 52 अंक के साथ दूसरे और जीवीएम सोनीपत 75 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहा। समापन समारोह में मदवि के रजिस्ट्रार प्रो. संदीप बंसल मुख्य अतिथि रहे।

एमडीयू के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में फ्रेशर्स का जोश से स्वागत



रोहतक। महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय (एमडीयू) के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सीनियर्स ने नए विद्यार्थियों का पूरे उत्साह और गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। फ्रेशर पार्टी में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए गायन, नृत्य और अभिनय सहित विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अभिनय से जुड़ी गतिविधियों में विद्यार्थियों ने छोटे-छोटे संवाद, अभिनय और मनोरंजक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी रचनात्मकता दिखाई। विभाग के प्राध्यापक प्रो. हरीश कुमार, डॉ. बेनुल तोमर, सुनित मुखर्जी और डॉ. नवीन कुमार ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें नए शैक्षणिक सत्र के लिए शुभकामनाएं दीं।

बीएमयू में पशु कल्याण दिवस पर किया जागरूक



रोहतक। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय (बीएमयू), अस्थल बोहर के पशु चिकित्सा विज्ञान विभाग के तत्वावधान में पशु कल्याण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को पशुओं के प्रति संवेदनशीलता और पर्यावरण संतुलन के प्रति जागरूक करना रहा। इस वर्ष की थीम "संपूर्ण विश्व को पशुओं की आँखों से देखना" निर्धारित की गई थी। विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता डॉ. मनोज कुमार और प्राचार्य डॉ. आर. एन. लठवाल ने कहा कि पशुओं की उचित देखभाल और उनके प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण एक स्वस्थ समाज की पहचान है। इनका सीधा संबंध मानव स्वास्थ्य और प्रकृति से जुड़ा है। विशेष वक्ता डॉ. विजेंद्र कुमार ने "वैश्विक पशु कल्याण चुनौतियाँ" विषय पर विस्तार से चर्चा की।कार्यक्रम में कृषि संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ. अंकित गिल सहित कई शिक्षक और वीएलडीडी व कृषि संकाय के विद्यार्थी मौजूद रहे। अंत में विद्यार्थियों को पशुओं के प्रति करुणा और सामूहिक जिम्मेदारी का संदेश दिया गया।

पूर्वांचल जनकल्याण सेवा संस्था की बैठक

समाज की एकजुटता व विकास पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

स्थानीय मॉडल टाउन स्थित सालासर कॉम्प्लेक्स के कोटा क्लासेस में पूर्वांचल जनकल्याण सेवा संस्था की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। संस्था के संरक्षक डॉ. प्रदीप पांडेय की अध्यक्षता और अध्यक्ष आशीष दुबे की उपस्थिति में हुई इस बैठक में पूर्वांचल समाज को संगठित, सशक्त बनाने तथा जनकल्याण के कार्यों को गति देने पर व्यापक चर्चा हुई। बैठक के दौरान वक्ताओं ने समाज की उन्नति के लिए आपसी सहयोग और एकजुटता को सबसे अहम बताया। साथ ही, युवाओं को शिक्षा एवं रोजगार के बेहतर अवसरों से जोड़ने और प्रतिभावान युवाओं को प्रोत्साहित करने पर विशेष बल दिया गया। स्वास्थ्य सेवाओं और जरूरतमंद परिवारों की सहायता के लिए भी आगामी कार्ययोजना तैयार की गई। सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुई इस बैठक में सभी सदस्यों ने समाजहित के कार्यों को नई दिशा देने और संस्था के विस्तार का संकल्प लिया।



जनसेवा और विकास सरकार का मूल संकल्पः सूरज रसवंत



रोहतक। रोहतक सेवा संकल्प अभियान के तहत रविवार को मानसरोवर पार्क में स्वच्छता और पौधारोपण अभियान चलाया गया । अभियान में भाजपा नेता सूरज रसवंत और ललित मोहन सैनी ने विधार्थियों को स्वच्छता का पाठ पढ़ाया। सूरज रसवंत ने कहा कि जनसेवा और विकास सरकार का मूल संकल्प हैं। कार्यक्रम में भाजपा नेता ललित मोहन सैनी, वीरेन्द्र गौसाई, मट्टो कत्याल, चन्द्र साहसी, अनिल सुदामा, रचना भाटिया, अजय जोशी, मनोज वर्मा, नरेश स्वामी, अतर खन्ना, सुनील अहलावत, राजकुमार वर्मा, अनिल मल्होत्रा, राजेन्द्र सहरावत, रमन शर्मा, गुलशन चावला, नीरज शर्मा, बिट्टू शर्मा, नरेश चावला, दीपक मल्होत्रा, अशोक मदान, कृष्ण बक्शी, देवतादिन दूबे, सुमित चैहान व राम रतन रतवाया ने भी श्रमदान करके स्वच्छता का सदेंश दिया ।

14 शिक्षक लेवल-11, 39 लेवल-12, 36 लेवल-13ए और 3 लेवल-14 पर प्रमोट

एमडीयू में वर्षों से अटके प्रमोशन का रास्ता हुआ साफ, 92 शिक्षकों को मिली पदोन्नति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानन्द यूनिवर्सिटी (एमडीयू) कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया की पहल पर एमडीयू ने सरकारी सहायता प्राप्त कॉलेजों के 92 लंबे समय से लंबित सीएएस प्रमोशन केसों को पूरा करते हुए संबंधित शिक्षकों को प्रमोशन दिया है। इनमें 14 शिक्षक एकेडमिक लेवल-11, 39 लेवल-12, 36 लेवल-13ए और 3 लेवल-14 पर प्रमोट हुए हैं। कई केस वर्ष 2021, 2022 और 2023 से लंबित थे। सभी मामलों की स्क्रीनिंग, मूल्यांकन और इंटरव्यू के बाद प्रमोशन प्रक्रिया पूरी की गई।

2016 से अटके केस निपटे

सबसे पुराने तीन लेवल-14 के मामले 1 जनवरी 2016 से लंबित थे। ड्यू डेट के अनुसार 2021 के 2, 2022 के 6, 2023 के 17, 2024 के 18, 2025 के 40 और 2026 के 6 मामले शामिल हैं। इन मामलों में असिस्टेंट प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, प्रोफेसर और लाइब्रेरियन शामिल हैं। 25 जून, 16 जुलाई, 25 सितंबर, 26 सितंबर और 1 अक्टूबर 2026 को स्क्रीनिंग-कम-इवैल्यूएशन/सेलेक्शन कमेटियों की बैठकें आयोजित की गईं। निर्धारित प्रक्रिया के तहत दस्तावेजों की जांच, स्क्रीनिंग, मूल्यांकन और इंटरव्यू के बाद लंबित मामलों में प्रमोशन दी गयी। शिक्षकों के प्रमोशन के मामलों में डीन, कॉलेज डेवलपमेंट कॉउंसिल प्रो राजेश पुनिया ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने लंबित मामलों की लगातार मॉनिटरिंग और फॉलोअप किया। संबंधित कॉलेजों से रिकॉर्ड मंगवाने, दस्तावेजों की जांच, समन्वयन और कमेटी बैठकों की तैयारियों में कॉलेज ब्रांच की टीम के साथ उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इन विषयों के शिक्षकों को मिला प्रमोशन

इन प्रमोशन मामलों में गणित, अंग्रेजी, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, वाणिज्य, अर्थशास्त्र, शारीरिक शिक्षा, भूगोल, संस्कृत, मनोविज्ञान, राजनीति विज्ञान, इतिहास, हिंदी, कंप्यूटर साइंस, जूलॉजी, शिक्षा और लोक प्रशासन सहित विभिन्न विषयों के शिक्षक शामिल हैं। रोहतक, सोनीपत, पलवल, झज्जर, बल्लभगढ़, बहादुरगढ़ और कलानौर के संबद्ध सरकारी सहायता प्राप्त कॉलेजों के शिक्षक भी इनमें शामिल हैं।

करियर में आगे बढ़ने का मिला लाभ

विश्वविद्यालय ने कहा कि वर्षों से लंबित इन प्रमोशन मामलों के पूरा होने से पात्र शिक्षकों को सीएएस के तहत करियर में आगे बढ़ने का लाभ मिला है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने प्रक्रिया में सहयोग के लिए हरियाणा के उच्चतर शिक्षा विभाग के निदेशक और अतिरिक्त मुख्य सचिव का आभार भी जताया। इन लंबित मामलों में प्रमोशन होने से संबद्ध महाविद्यालयों के शिक्षकों में ख़ुशी की लहर दौड़ गयी है।।

Govt. Regd.
WINTRON LIBRARY
...peaceful place to win your dreams
FACILITIES
- Peaceful with strict disciplined & Motivational environment
- Situated in Sec-14 in front of MDU Gate No. 2
- Best Lighting for study
- Separate Seats for Girls
- Employment Newspaper
- Well furnished & Fully A.C.
- Free Wi-Fi Zone
- 24x7 power backup
- Parking Facility
- CCTV Surveillance
- Reserve Seats Available
- Fix Seats Available
- Seats with Computer Facility available
Address: SCO-6, Sector-14, Rohtak
Contact: 8930246662

SHRI GORAKH CYBER CAFE
Online Services | CSC | Print | Scan | Photocopy
CSC & जनसेवा केन्द्र
CSC ID: 464546120011
आवश्यकता है
COMPUTER OPERATOR
(MALE/FEMALE)
पद: Computer Operator (M/F)
योग्यता: Basic Computer Knowledge
समय: Full Time स्थान: Rohtak
संपर्क: 9812515432
Shri Gorakh Cyber Cafe Janta Colony, Rohtak

10 अक्टूबर से पुराने आईटीआई मैदान में सजेगा भव्य रामलीला महोत्सव

चारधाम की तर्ज पर तैयार होगा 150 फीट चौड़ा डबल स्टोरी मंच, 200 फीट ऊंचे रावण का होगा दहन

मुंबई और मुरादाबाद से आए कलाकार रामायण और महा भारत पर आधारित प्रस्तुतियां देंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

विजयदशमी के शुभ अवसर पर श्री रामलीला उत्सव कमेटी की ओर से पुराना आईटीआई ग्राउंड, सरकुलर रोड पर 10 अक्टूबर से भव्य रामलीला महोत्सव एवं दशहरा मेले का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर दिल्ली बाईपास स्थित बीपी जैन स्किल डेवलपमेंट सेंटर में साधु-संतों की छत्रछाया में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित की गई। इस दौरान कमेटी के मुख्य संरक्षक एवं समाजसेवी उद्योगपति राजेश जैन ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी रामलीला महोत्सव को भव्य रूप दिया गया है। 10 अक्टूबर को रामलीला के उद्घाटन समारोह में हरियाणा में पहली बार सतयुग में भगवान ब्रह्मा, विष्णु और महेश की भृगु ऋषि द्वारा परीक्षा पर आधारित प्रस्तुति के साथ महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में अग्रलीला और कृष्णलीला का मंचन किया जाएगा। रामलीला आयोजन का दो करोड़ रुपये का बीमा करवाया गया है। आयोजन स्थल पर 150 फीट चौड़ा डबल स्टोरी मंच और भव्य पंडाल तैयार किया जा रहा है। रामलीला के लिए 60 गुणा 100 फीट के तीन मंच बनाए जाएंगे, जिन्हें उत्तराखंड के चारधाम बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री की तर्ज पर दो मंजिला स्वरूप दिया जाएगा। दर्शकों के लिए करीब 10 हजार कुर्सियों की व्यवस्था रहेगी। 300 सोफों के साथ कैबिन बनाए जाएंगे, जिनमें करीब दो हजार परिवार के सदस्यों के बैठने की व्यवस्था होगी।



रोहतक। पत्रिका का विमोचन करते मुख्य संरक्षक राजेश जैन, महामण्डलेश्वर स्वामी रघविन्द्र भारती, महाराज बाबा कर्णपुरी, प्रधान सुभाष तायल व अन्य सदस्य। फोटो : हरिभूमि

ये आकर्षण का केंद्र रहेंगे

- दर्शकों के लिए करीब 10 हजार कुर्सियों और 300 सोफों वाले कैबिन की व्यवस्था होगी।
- रामलीला आयोजन का दो करोड़ रुपये का बीमा करवाया गया है।
- सुरक्षा के लिए 92 गार्ड, सीसीटीवी और पुलिस बन तैनात रहेंगे
- लाइट एंड साउंड, एलईडी स्क्रीन और कोरियोग्राफी के साथ रोज रात नौ बजे रामलीला होगी।
- सोने की लंका, आतिशबाजी, झांकियां, ड्रोन से पुष्प वर्षा और 31 हनुमान भक्त आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

कोलकाता की झिलमिलाती लाइटों से सजाया जाएगा

आयोजन की सुरक्षा को लेकर 92 सुरक्षा गार्ड तैनात किए जाएंगे। पूरे परिसर में सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखी जाएगी और पुलिस प्रशासन की ओर से भी पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। बच्चों के लिए मुंबई से आकर्षक लाइट वाले झूले लगाए जाएंगे। रामलीला देखने वाले दर्शकों के लिए जगह-जगह बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाई जाएंगी। 250 गुणा 100 फीट का विशेष हैगर टेंट, पार्किंग और स्वागत द्वार भी बनाए जा रहे हैं। पूरे क्षेत्र को कोलकाता की झिलमिलाती लाइटों से सजाया जाएगा। मुंबई और मुरादाबाद से आए कलाकार रामायण और महाभारत पर आधारित प्रस्तुतियां देंगे। रामलीला का मंचन प्रतिदिन रात नौ बजे होगा। पहली बार लाइट एंड साउंड, एलईडी स्क्रीन और कोरियोग्राफी के साथ श्री बैंकुठ लोक नाट्य कला केंद्र, मुरादाबाद के कलाकार मुख्य निर्देशक लीलाधर के नेतृत्व में प्रस्तुति देंगे।

ये मौजूद रहे

महामण्डलेश्वर महाराज बाबा कर्णपुरी, महामण्डलेश्वर स्वामी रघविन्द्र भारती, मुख्य संरक्षक राजेश जैन, प्रधान सुभाष तायल, सुरेश बंसल, विजय तायल, विनोद जैन, जयभगवान ऐरन, शंकर लाल मित्तल, प्रेम गर्ग, सतीश भारद्वाज, गुलशन निझावन, मनोज जिंदल, अनिल बंसल, मीडिया राजीव जैन, विजय बाबा, रमेश रोहिल्ला, राम कुमार पंचाल, सन्नी निझावन, सोनू जैन, राजन गोयल, अशीष गर्ग, दिनेश तायल आदि मौजूद रहे।

डिस्प्ले और बूथ लगाए जाएंगे

प्रधान सुभाष तायल ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक सामान, आरओ वाटर और अन्य उपयोगी वस्तुओं के बारे में भी लोगों को जागरूक करने के लिए डिस्प्ले और बूथ लगाए जाएंगे। वहीं 20 अक्टूबर को दशहरा पर्व पर 200 फीट ऊंचे रावण के साथ ताड़का, कुंभकर्ण और मेघनाथ के पुतलों का दहन होगा। सोने की लंका, रंग-बिरंगी आतिशबाजी और मुंबई के कलाकारों की प्रस्तुति आकर्षण रहेगी।

पीजीआई में दो दिवसीय ब्रेस्ट पैथोलॉजी इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस एवं वर्कशॉप संपन्न

डॉक्टर्स बोले बीमारियों से डरकर नहीं उसे लड़कर हराएं

अर्ली स्टेज में पहचान होने पर कैंसर का इलाज संभव

- डॉ. विदु कौशिक ने अमेरिका से पहुंचकर लोब्यूलर कार्सिनोमा पर दिया व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

अक्सर देखने में आता है कि कैंसर तो बहुत बड़ी बीमारी है, लोग डर के मारे अपना ब्लड प्रेशर और शुगर तक की जांच नहीं कराते कि कहीं लंबी दवाई न खानी पड़े और यही मानसिक तनाव और डर लोगों की बीमारी को बढ़ा रहा है। लोग बीमारी को छुपाने की कोशिश करते हैं और यहीं पर हम मात खा जाते हैं। यह कहना है पैथोलॉजी विभाग के प्रोफेसर एवं कॉन्फ्रेंस के आयोजन सचिव डॉ. संजय कुमार का।

पीजीआईएमएस में चल रही दो दिवसीय ब्रेस्ट पैथोलॉजी इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस एवं वर्कशॉप के दूसरे दिन रविवार को डॉ. संजय कुमार ने बताया कि कॉन्फ्रेंस में कैंसर की पहचान और उसकी मैनेजमेंट कैसे करनी है, इस पर रेडिएशन ऑन्कोलॉजी, ऑन्को सर्जरी, रेडियोलॉजी और पैथोलॉजिस्ट सभी ने एक मंच पर पैनल डिस्कशन किया। हरियाणा क्षेत्र में ब्रेका-1 और ब्रेका-2 के अलावा किस टाइप का कैंसर आ रहा है इस पर भी मंथन हुआ। डॉ. संजय ने महिलाओं को सलाह देते हुए कहा कि हर महिला को माहवारी के एक हफ्ते बाद अपने ब्रेस्ट को जरूर चेक करना चाहिए।



ब्रेस्ट निकालने के बाद भी रह सकता है कैंसर

डॉ. निशा मारवाह ने कहा कि लोगों में धारणा है कि ब्रेस्ट निकलवाने के बाद कैंसर खत्म हो जाता है, जबकि कई बार ब्रेस्ट टिश्यू रह जाता है। डॉ. रजनीश कालरा ने कहा कि कैंसर की जरा सी भी शंका लगे तो झोलाछाप डॉक्टर के पास न जाकर विशेषज्ञ डॉक्टर को ही दिखाएं, शुरुआती स्टेज में इलाज से कैंसर पूरी तरह ठीक हो सकता है।

महिलाएं खुद करें जांच

आयोजन अध्यक्ष डॉ. सुनीता सिंह ने बताया कि पीजीआईएमएस अब जींस पर काम शुरू कर रहा है ताकि मॉलिक्यूलर लेवल पर हम काफी आगे बढ़ पाएं, इससे टारगेटेड थेरेपी में काफी मदद मिलेगी। ट्यूमर की ग्रेडिंग कैसे होती है और पैथोलॉजिस्ट की कैंसर का नाम देने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होती है। आज स्लाइड के माध्यम से प्रैक्टिकल तौर पर समझाया गया कि कौन सी गांठ कैंसर है और कौन सी फॉल्स है। मार्कर और बायोप्सी पर ध्यान देना ही सटीक इलाज की कुंजी है। डॉ सुनीता सिंह ने बताया कि ब्रेस्ट पैथोलॉजी पर मल्टीडिसिप्लिनरी पैनल डिस्कशन का आयोजन हुआ, जिसमें सभी विभागों के विचारों का आदान-प्रदान हुआ। पैनल के मॉडरेटर डॉ. संजीव पराशर रहे, जबकि पैनलिस्ट के तौर पर डॉ. ज्योत्सना सेन, डॉ. नित्याशा, डॉ. कमलजीत सिंह, डॉ. श्यामा जैन, डॉ. संजय बदेसरा, डॉ. केशव गर्ग और डॉ. अग्निमा ने भाग लिया।

36 घंटे का सफर कर रोहतक पहुंचीं डॉ. विदु

पीजीआई की पूर्व छात्रा और अमेरिका में कंसल्टेंट पैथोलॉजिस्ट डॉ. विदु कौशिक पांच देशों की यात्रा कर 36 घंटे बाद रोहतक पहुंचीं। कॉन्फ्रेंस में लोब्यूलर कार्सिनोमा ब्रेस्ट पर व्याख्यान दिया। डॉ. विदु ने बताया कि अमेरिका में एक डॉक्टर रोजाना करीब 10 मरीज देखता है और प्रत्येक मरीज को 30 से 60 मिनट दिए जाते हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद भारत में बेहतर चिकित्सा कार्य हो रहा है।

इन्होंने निभाई अहम भूमिका

डॉ. सुनीता सिंह और डॉ. संजय कुमार ने बताया कि कॉन्फ्रेंस के सफल आयोजन में डॉ मंजूनाथ बीसी, डॉ. रजनीश कालरा, डॉ. वीना गुप्ता, डॉ. मीनू गिल, डॉ. सतप्रकाश कटारिया, डॉ. सुमिति गुप्ता, डॉ. सोनिया छाबड़ा, डॉ. मोनिका गुप्ता, डॉ. प्रोमिल जैन, डॉ. रेणुका वर्मा, डॉ. रिचा, डॉ. उषा ने अहम भूमिका निभाई।

कर्मियों ने सांसद दीपेंद्र के प्रतिनिधि को सौंपा मांगों का ज्ञापन

मिड-डे मील, आंगनबाड़ी और आशा कर्मियों ने जताया विरोध

- योजनाओं के बजट में कटौती के बजाय बढ़ोतरी करने की उठाई मांग
- मांगें पूरी नहीं हुईं तो 1 से 3 दिसंबर के संसद मार्च में शामिल होने का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

मिड-डे मील, आशा और आंगनबाड़ी कर्मियों समेत सभी परियोजना कर्मियों को कर्मचारी का दर्जा देने, योजनाओं के बजट में कटौती के बजाय बढ़ोतरी करने और न्यूनतम वेतन 42 हजार रुपये करने की मांग को लेकर रविवार को सैकड़ों परियोजना कर्मियों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद कर्मियों ने सांसद दीपेंद्र हुड्डा के डी-पार्क स्थित आवास पर पहुंचकर उनके प्रतिनिधि नरेश को ज्ञापन सौंपा। मांगें पूरी नहीं होने पर सीटू के आह्वान पर 1 से 3 दिसंबर तक होने वाले संसद मार्च में भाग लेने का निर्णय लिया गया। मिड-डे मील, आशा और आंगनबाड़ी कर्मियों की राष्ट्रीय फेडरेशनों के संयुक्त अखिल भारतीय आह्वान पर कर्मचारी मानसरोवर पार्क में एकत्र हुए। सीटू जिला प्रधान प्रकाशचंद्र, जिला कोषाध्यक्ष कमलेश, मिड-डे मील वर्कर्स यूनियन की जिला सचिव रीना और आशा वर्कर्स यूनियन की जिला सचिव फूलवती ने कहा कि सरकार की विभिन्न परियोजनाओं में करीब एक करोड़ वर्कर्स काम कर रहे हैं। विनोद, राजबाला, ज्ञान देवी, शर्मिला, सरला, दर्शना, राजो, सुनीता, कुंती, कांता और मीना ने भी विचार रखे।



रोहतक। अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करतीं मिड-डे मील, आशा और आंगनबाड़ी वर्कर्स। फोटो : हरिभूमि

लाखों को कर्मचारी का दर्जा नहीं मिला

कोषाध्यक्ष कमलेश ने बताया कि आंगनबाड़ी, मिड-डे मील और आशा परियोजनाओं में लाखों वर्कर्स कार्यरत हैं, लेकिन इन्हें अब तक कर्मचारी का दर्जा नहीं मिला है। वक्ताओं ने कहा कि इन योजनाओं के लिए पर्याप्त बजट नहीं दिया जा रहा और इन्हें स्थायी विभागों में तबदील नहीं किया गया है। बबीता और पुष्पा ने दिसंबर में दिल्ली संसद मार्च में कर्मियों से बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।

एसपी ने जारी की एडवाइजरी, संदिग्ध लिंक और कॉल से सावधान रहने की अपील

गैस कनेक्शन और फोन अपडेट के नाम पर साइबर ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

साइबर ठग गैस कनेक्शन कटने, फोन अपडेट और निवेश में मोटे मुनाफे का झांसा देकर लोगों को निशाना बना रहे हैं। पुलिस अधीक्षक गौरव राजपुरोहित ने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी कर संदिग्ध कॉल, मैसेज और लिंक से सावधान रहने की अपील की है। ठग गैस कनेक्शन बंद होने का संदेश भेजकर फर्जी एपीके डाउनलोड करवाते हैं और मोबाइल हैक कर बैंक खाते खाली कर देते हैं। वहीं फोन अपडेट के नाम पर लिंक भेजकर रिमोट एक्सेस हासिल किया जाता है।

सोशल मीडिया पर निवेश के नाम पर भी ठगी हो रही है। पुलिस ने अनजान लिंक से बचने और ठगी होने पर तुरंत 1930 पर सूचना देने की सलाह दी है। पीड़ित cybercrime.gov.in पर भी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

वार्ड 17 में चलाया गया विशेष सफाई अभियान



रोहतक। शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए नगर निगम की ओर से 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत वार्ड 17 में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। वार्ड सदस्य और स्थानीय नागरिकों की मौजूदगी में गलियों, सड़कों, सार्वजनिक स्थानों और आसपास के क्षेत्रों की सफाई करवाई गई। नगर निगम आयुक्त सत्येंद्र ढुहन ने बताया कि गंदगी वाले स्थानों को चिन्हित कर कूड़ा-कचरा उठवाया गया। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य नियमित सफाई व्यवस्था को मजबूत करना और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने नागरिकों से सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा न डालने और कूड़ा नगर निगम की गाड़ी में ही डालने की अपील की। शहर को स्वच्छ बनाए रखने की जिम्मेदारी केवल सफाई कर्मचारियों की नहीं है। इसमें आम नागरिकों की भागीदारी भी बेहद जरूरी है।

ग्राम सभाओं में बाल विवाह के खात्मे का संकल्प



रोहतक। गांधी जयंती पर जिले में आयोजित विशेष ग्राम सभाओं में ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने बाल विवाह के खात्मे का संकल्प लिया। एमडीडी ऑफ इंडिया ने इस पहल का स्वागत किया। संगठन के अनुसार केंद्र सरकार के महिला एवं बाल विकास तथा पंचायती राज मंत्रालय की पहल पर 2 अक्टूबर को देशभर में 2 लाख 42 हजार से अधिक विशेष ग्राम सभाएं हुईं। इनमें गांवों को बाल विवाह मुक्त बनाने के प्रस्ताव रखे गए। एमडीडी ऑफ इंडिया के कार्यकारी निदेशक सुरिंदर सिंह मान ने कहा कि सरकार और जिला प्रशासन की पहल से अभियान को जमीनी स्तर पर मजबूती मिलेगी। जेआरसी के 300 से अधिक सहयोगी संगठन 782 जिलों में बाल विवाह के खिलाफ काम कर रहे हैं। संगठन ने कहा कि इस कुरीति के खात्मे के लिए कानून के साथ समाज और पंचायतों की भागीदारी जरूरी है।

सात दिन में काम शुरू नहीं किया तो जब्त होगी ठेकेदार की बैंक गारंटी

- 20 लाख के काम पर 50 हजार और एक करोड़ पर ढाई लाख रुपये होंगे जमा
- ग्रामीण क्षेत्रों के 7 से 8 करोड़ के विकास कार्यों की प्रक्रिया जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जिला परिषद से विकास कार्य का ठेका लेने के बाद सात दिन में काम शुरू नहीं किया तो ठेकेदार की बैंक गारंटी जब्त होगी। परिषद ने पहली बार कार्य की कुल स्वीकृत लागत का अढ़ाई प्रतिशत बैंक गारंटी के रूप में जमा कराने की व्यवस्था की है। इसका सीधा असर उन ठेकेदारों पर पड़ेगा, जो कार्य अलॉट होने के



जिला परिषद ने पहली बार लागू की 2.5 प्रतिशत बैंक गारंटी की शर्त

बाद निर्माण शुरू करने में देरी करते हैं। फिलहाल ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़े करीब 7 से 8 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की प्रक्रिया चल रही है। परिषद के स्तर पर अक्सर कार्य अलॉट होने और मौके पर निर्माण शुरू होने के बीच अंतर रहता है। इसका असर निर्धारित समयसीमा पर पड़ता है और संबंधित गांवों में सड़क, नाली, सामुदायिक ढांचे समेत अन्य सुविधाओं से जुड़े काम अटक जाते हैं। नई व्यवस्था में कार्यादेश मिलने के बाद ठेकेदार को सात दिन के भीतर निर्माण शुरू करना होगा। ऐसा नहीं होने पर जमा बैंक गारंटी जब्त करने की कार्रवाई की जा सकेगी। बैंक गारंटी की राशि कार्य की लागत के हिसाब से तय होगी। उदाहरण के लिए 20 लाख रुपये के काम पर 50 हजार रुपये और एक करोड़ रुपये के कार्य पर ढाई लाख रुपये जमा कराने होंगे। इस राशि को ठेकेदार की वित्तीय जवाबदेही से जोड़ा गया है। यानी ठेका मिलने के बाद काम शुरू करने में देरी का सीधा आर्थिक असर संबंधित फर्म पर पड़ेगा। जिला परिषद सदस्य दीपिका ने बताया कि काम अलॉट होने के एक सप्ताह के भीतर निर्माण शुरू नहीं करने वाले ठेकेदार की अढ़ाई प्रतिशत बैंक गारंटी जब्त की जाएगी। उन्होंने कहा कि परिषद में यह व्यवस्था पहली बार लागू की जा रही है।

आर्थिक तंगी और संसाधनों के अभाव के बावजूद मेहनत से हासिल किया मुकाम

अब ओलंपिक में स्वर्ण जीतना सबसे बड़ा लक्ष्य

एशियन गेम्स की स्वर्ण पदक विजेता परवीन हुड्डा को गांव लौटने पर पलकों पर बैठाया

- तिरंगा ऊंचा लहराने का पल गर्व व संतोष से भर देता है : प्रवीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जीतकर बॉक्सर परवीन हुड्डा का अपने पैतृक गांव लौटने पर ग्रामीणों और परिजनों ने उनका जोरदार और भव्य स्वागत किया। गांव में स्वागत करने से पहले एयरपोर्ट पर भी भव्य स्वागत किया। कोच दीपक छिक्कारा, कोच विजय हुड्डा ने भी विजेता खिलाड़ी का स्वागत किया। उन्होंने आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। साधनों की कमी और ग्रामीण पृष्ठभूमि से ताल्लुक रखने वाली इस होनहार खिलाड़ी परवीन ने बताया कि उनके माता-पिता के पास शुरुआत में इतने संसाधन नहीं थे। बीमार पिता और मां द्वारा भैंसों का दूध बेचकर स्कूल की फीस व अन्य खर्च उठाने के बावजूद, माता-पिता ने कभी भी आर्थिक तंगी को उनकी राह में रुकावट नहीं बनने दिया। तमाम कठिनाइयों को पार करते हुए उन्होंने अपनी मेहनत और परिजनों के सहयोग से यह मुकाम हासिल किया है। मेडल जीतने के बाद के पलों को याद करते हुए उन्होंने कहा कि जब तिरंगा ऊंचा लहराता है और विदेशी धरती पर देश का सम्मान होता है, तो वह पल बेहद संतोषजनक और गर्व से भर देने वाला होता है। उन्होंने खेल के प्रति सरकार, पीएम और सीएम के मिल रहे निरंतर समर्थन की सराहना करते हुए कहा कि आज देश में खिलाड़ियों को हर स्तर पर पूरा प्रोत्साहन मिल रहा है।

घर पहुंचते ही सबसे पहले भगवान को किया धन्यवाद



सपने देखने और पूरा करने का हौसला हो तो मंजिल मुश्किल नहीं

टारगेट ओलंपिक अभी बाकीप्रवीन हुड्डा ने कहा कि अब उनका लक्ष्य आगामी ओलंपिक में देश के लिए स्वर्ण पदक जीतना है। घर पर लगा 'टारगेट ओलंपिक' फोटो फ्रेम उनके इस सपने को दर्शाता है। मां ने बताया कि यह फ्रेम मौसी ने तैयार किया था। घर पहुंचकर प्रवीन ने सबसे पहले भगवान का धन्यवाद किया। उन्होंने क्षेत्र की बेटियों से कहा कि सपने देखने और उन्हें पूरा करने का हौसला हो तो कोई मंजिल मुश्किल नहीं है।

हाइटेंशन लाइन प्रभावित किसानों का आंदोलन 8 से

रोहतक। हाइटेंशन लाइनों से प्रभावित किसानों ने जमीन का बाजार रेट के अनुसार मुआवजा देने की मांग को लेकर प्रदेशभर में आंदोलन शुरू करने का निर्णय लिया है। इसकी शुरुआत 8 अक्टूबर को पानीपत से होगी। किसान उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर वास्तविक बाजार मूल्य के आधार पर मुआवजा देने की मांग करेंगे। इसके बाद प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर उपायुक्तों को ज्ञापन सौंपे जाएंगे। रविवार को भारतीय किसान कामगार अधिकार मोर्चा की बैठक में आंदोलन की रणनीति तय की गई। मोर्चा अध्यक्ष सतेंद्र लोहचब की अध्यक्षता में हुई बैठक में किसानों ने आरोप लगाया कि 2024-25 की नीतियों के बावजूद कई जिलों में मुआवजा बाजार मूल्य के अनुरूप नहीं दिया जा रहा है। इसी क्रम में 29 नवंबर को रोहतक में प्रदेश स्तरीय रैली आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

- 29 नवंबर को रोहतक में होगी प्रदेश स्तरीय रैली

पानीपत से शुरूआत करेंगे

बैठक में तय किया गया कि आंदोलन को जिला स्तर से प्रदेश स्तर तक ले जाया जाएगा। 8 अक्टूबर को पानीपत से इसकी शुरुआत के बाद अन्य जिलों में भी किसानों के प्रतिनिधिमंडल उपायुक्तों को ज्ञापन सौंपेंगे। ज्ञापनों के माध्यम से हाईटेंशन लाइनों से प्रभावित किसानों को जमीन के बाजार रेट के मुताबिक मुआवजा देने की मांग उठाई जाएगी। मीटिंग में किसानों ने कहा कि वे लंबे समय से हाईटेंशन लाइनों से जुड़े मुआवजे के मुद्दे को उठा रहे हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

साईज	संस्करण	विशेष छूट राशि
5 X 8 सें.मी 10X 8 सें.मी	स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर	रु. 2500/- रु. 3000/-

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20